फा. सं. ऐरा/20010/एमवाईटीपी/सीआईएएल/सीपी-IV/2025-26
भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण
*****

ऐरा कार्यालय,
उड़ान भवन, तृतीय तल,
सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली-110003
दिनांक : 21 अक्तूबर, 2026

सार्वजनिक सूचना संख्या 21/2026-27

सेवामें,

राज्य सरकार/यात्री/यात्री संघ/आम जनता/ एयरलाइन/हवाईअड्डा प्रचालक/उद्योग एसोसिएशन/ उद्योग निकाय/ कार्गो, ग्राउंड हैंडलिंग, फ्यूल फॉर्म के स्वतंत्र सेवा प्रदाता आदि

विषय: हितधारक परामर्श बैठक के संबंध में

ऐरा की वेबसाइट पर अपलोड किए गए निम्नलिखित परामर्श पत्रों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

परामर्श पत्र संख्या और दिनांक	**विषय**	**हितधारक परामर्श बैठक की तारीख एवं समय**
दिनांक 12.10.2026 का परामर्श पत्र संख्या 07/2026-27	कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, कोचीन के संबंध में चतुर्थ नियंत्रण अवधि (01.04.2026 - 31.03.2031) के लिए वैमानिक टैरिफ निर्धारित करने के मामले में	मंगलवार, 27 अक्तूबर, 2026 को अपराह्न : 2.30 बजे
दिनांक 12.10.2026 का परामर्श पत्र संख्या 08/2026-27	कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, केरलम के संबंध में चतुर्थ नियंत्रण अवधि (01.04.2026 - 31.03.2031) के लिए वैमानिक टैरिफ निर्धारित करने के मामले में	

2. सभी हितधारक परामर्श पत्र में निहित विभिन्न प्रस्तावों पर अपने विचार हितधारकों की परामर्श बैठक में व्यक्त करने के लिए आंमत्रित हैं। उपर्युक्त **बैठक मंगलवार, 27 अक्तूबर, 2026 को अपराह्न 2.30 बजे ऐरा कार्यालय, स्टेकहोल्डर कक्ष, तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली -110003 में हाईब्रिड (प्रत्यक्ष/ऑनलाइन)** माध्यम से आयोजित की जाएगी।

3. हितधारक प्रस्तावित बैठक के लिए अपने प्रतिनिधि नामित कर सकते हैं।

4. इस संबंध में **प्रतिभागी (प्रतिभागियों) के नाम, ई-मेल पता, मोबाइल नम्बर और वाहन के नम्बर** (यदि प्रत्यक्ष रूप से भाग ले रहे हैं तो) के साथ पुष्टि ऐरा को कृपया अधिक से अधिक 26 अक्तूबर, 2026 तक निम्नलिखित ई-मेल पते पर भेज दें:

क्र. सं.	**नाम**	**ई-मेल आईडी**
1	श्री राजन गुप्ता, संयुक्त महा प्रबंधक (वित्त)	rajan.gupta1@aera.gov.in
2	श्री सतीश कुमार, संयुक्त महा प्रबंधक (वित्त)	satish.kr@aera.gov.in

ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए लिंक ऐरा की वेबसाइट (https://aera.gov.in) पर "News & Announcements" टैब के अंतर्गत हितधारकों की बैठक के लिए निर्धारित तारीख से पहले उपलब्ध कर दिया जाएगा।

(राम कृष्ण)
निदेशक (नीति एवं सांख्यिकी)